अनुक्रमांक .........................

कोड नं० – S8HN902

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग

# सत्रांत परीक्षा, 2018-19

2652

क्र. सं. ____________

कक्षा – नवम

हिन्दी ( कोर्स 'अ' )

**समय – 3 घंटे]** **[पूर्णांक – 80**

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड- 'क' - अपठित बोध ( 15 अंक )

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

मानव जीवन की नीरसता को त्योहार आनंद और उल्लास से भर देते हैं। त्योहारों के अभाव में मानव मशीनी-मानव बन कर रह जाता है। त्योहारों के द्वारा हम अपनी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्यों से परिचित होते हैं। परंतु परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। बदलते समय और देशकाल की तात्कालिक परिस्थितियों के प्रभावस्वरूप इन त्योहारों एवं पर्वों के स्वरूप, मान्यताओं और उनके मनाने के तौर-तरीकों में पर्याप्त बदलाव आ गया है। पहले लोग इन्हें एकता, परस्पर सौहार्द, प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के प्रेरक रूप में मनाते थे, परन्तु अब कुछ लोग इस अवसर पर अपना वैमनस्य निकालते हैं और इनको सांप्रदायिक रूप दे बैठते हैं। इन कारणों से लोगों के मन में गाँठ पड़ जाती है। मनुष्य को इन त्योहारों को विकृत होने से बचाना चाहिए जिससे इन त्योहारों में निहित संदेश एवं कल्याणकारी उद्देश्य बना रहे और हमारी सांस्कृतिक गरिमा भी बनी रहे।

( क ) त्योहार हमारा परिचय किससे करवाते हैं? 1

( ख ) त्योहारों का उद्देश्य क्या होता है? 1

( ग ) परिवर्तन के शाश्वत नियम का त्योहारों पर क्या प्रभाव पड़ा है? 2

( घ ) त्योहारों को विकृत होने से बचाना क्यों आवश्यक है? 2

( ङ ) (i) इस गद्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक लिखिए। 2

(ii) "सांप्रदायिक" शब्द में मूल शब्द लिखिए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 7

विषुवत रेखा का वासी जो,
जीता है नित हाँफ-हाँफ कर।
रखता है अनुराग अलौकिक,
वह भी अपनी मातृभूमि पर॥

***Turn Over***

Scanned by CamScanner

ध्रुववासी जो हिम में तम में,
जी लेता है काँप-काँप कर।
वह भी अपनी मातृभूमि पर
कर देता है प्राण निछावर॥

सच्चा प्रेम वही है जिसकी-
तृप्ति आत्मबलि पर हो निर्भर।
त्याग विना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर॥

देश-प्रेम वह पुण्य क्षेत्र है,
अमल, असीम, त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास से जिसमें
मनुष्यता होती है विकसित॥

(क) कवि किसके प्रति अनुराग की बात करता है? 1

(ख) उपर्युक्त काव्यांश में 'अनुराग' शब्द का क्या अर्थ है? 1

(ग) किसके बगैर प्रेम निष्प्राण होता है? 1

(घ) विषुवत प्रदेश में रहने वाला मानव किस प्रकार जीवन जीता है? 2

(ङ) 'ध्रुववासी काँप-काँप कर जी लेता है' ऐसा क्यों कहा गया है? 2

## खंड-'ख' - व्याकरण (15 अंक)

3. (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - $1 \times 4 = 4$

(क) 'पुनर्जन्म' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए।

(ख) 'अभि' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।

(ग) 'सनसनाहट' में से प्रत्यय अलग कीजिए।

(घ) 'मरियल' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय तथा मूल शब्द लिखिए।

(ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए - $1 \times 3 = 3$

(क) शिवालय (ख) सतसई (ग) आमरण

4. (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान कर उनके भेद लिखिए -

(क) क्या रजनी स्कूल जाएगी? $1 \times 2 = 2$

(ख) ओह! कैसा सुंदर दृश्य है।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए - $1 \times 2 = 2$

(क) माताजी मंदिर जाएँगी। (निषेधात्मक)

(ख) गीता गीत गा रही है। (इच्छावाचक)

Scanned by CamScanner

5. निम्नलिखित काव्यांशों में निहित अलंकारों के नाम बताइए - $1 \times 4 = 4$

(क) तारावलि-सी मृदु दीप्तिमान

(ख) दीनबंधु दुःखियों का दुःख कब दूर करोगे ?

(ग) नदी ठिठकी, घूंघट सरके।

(घ) चरण कमल बंदौ हरि राई।

## खंड- 'ग' (पाठ्य-पुस्तक - 30 अंक)

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

हर शाम सूरज ढलने से पहले, जब वाटिका का माली सैलानियों को हिदायत देता, तो लगता है जैसे बस कुछ ही क्षणों में वो कहीं से आ टपकेगा और संगीत का जादू वाटिका के भरे- पूरे माहौल पर छा जाएगा। वृंदावन कभी कृष्ण के बांसुरी के जादू से खाली हुआ है क्या। मिथकों की दुनिया में इस सवाल का जवाब तलाश करने से पहले एक नजर कमजोर काया वाले उस व्यक्ति पर डाली जाए जिसे हम सालिम अली के नाम से जानते हैं। उम्र को शती तक पहुँचने में थोड़े ही दिन तो बच रहे थे। संभव है, लंबी यात्राओं की थकान ने उनके शरीर को कमजोर कर दिया हो और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उनकी मौत का कारण बनी हो। लेकिन अंतिम समय तक मौत उनकी आँखों से वह रोशनी छीनने में सफल नहीं हुई जो पक्षियों की तलाश और उनकी हिफाजत के प्रति समर्पित थी। सालिम की आँखों पर चढ़ी दूरबीन उनकी मौत के बाद ही तो उतरी थी।

(क) सालिम अली की मृत्यु का कारण क्या था ? 2

(ख) सालिम अली जीवन भर किस बात के लिए समर्पित रहे ? 2

(ग) 'सैलानियों' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - $2 \times 4 = 8$

(क) बालिका मैना के चरित्र की दो विशेषताओं को लिखें।

(ख) 'दो बैलों' की कथा पाठ के आधार पर दो नीतिपरक मूल्यों को स्पष्ट करें ?

(ग) 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ में टीले शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया गया है ?

(घ) 'तिब्बत में लोग बंदूक या पिस्तौल को लाठी की तरह लेकर घूमते थे'- कथन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

क्या ? - देख न सकती जंजीरों का गहना ?  
हथकड़ियाँ क्यों ? यह ब्रिटिश- राज का गहना,  
कोल्हू का चर्रक चूँ ?- जीवन की तान,  
गिट्टी पर अंगुलियों ने लिखे गान।  
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,  
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कूँआ।



Scanned by CamScanner

दिन में करुणा क्यों जगे, रुलाने वाली
इसलिए रात में गजब ढा रही आली ?

(क) हथकड़ियों को 'ब्रिटिश राज का गहना' क्यों कहा गया है ? 2

(ख) 'हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ / खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड का कूँआ' - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) रात्रि में कोकिला की आवाज कवि को किससे युक्त लग रही है ? 1

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - $2 \times 4 = 8$

(क) कबीर ने ईश्वर-प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है ?

(ख) बच्चे काम पर जा रहे हैं, यह एक भयानक प्रश्न क्यों है ? कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ग) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए।

(घ) वर्तमान युग और माँ के समय में क्या परिवर्तन हो गया है ? 'यमराज की दिशा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

10. आपके विचार से 'माटी वाली' कहानी सरकार के सामने कौन-सी समस्या को लाकर खड़ा कर देती है ? वर्णन कीजिए। 4

## खंड - 'घ' (लेखन)- 20 अंक

11. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए – 10

(i) सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति

**संकेत बिंदु** - प्रस्तावना, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट, कम्प्यूटर की उपयोगिता, अर्थव्यवस्था में योगदान

(ii) आतंकवाद की समस्या

**संकेत बिंदु** - प्रस्तावना, आतंकवाद का अर्थ, आतंकवाद के प्रसार के कारण, आतंकवाद से मानवता को खतरा, आतंकवाद रोकने के उपाय

(iii) जीवन में योग का महत्व

**संकेत बिंदु** - योग से तात्पर्य, योग से लाभ, योग की आवश्यकता, उपसंहार

12. अपने राज्य के परिवहन-प्रबंधक को पत्र लिखकर मुहल्ले तक नया बस-मार्ग आरंभ कराने का अनुरोध कीजिए। 5

**अथवा**

अपने शहर में आयोजित होने वाले मेले का विवरण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

13. क्रिकेट के क्षेत्र में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर आधारित दो मित्रों के संवाद को लिखिए। 5

***

Scanned by CamScanner